कोटद्वार, शनिवार
3 फरवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 271 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त


निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## चंपई सोरेन ने झारखंड के सीएम पद की ली शपथ



रांची , चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार दोपहर 12.20 बजे उन्हें शपथ दिलाई। उनके साथ दो मंत्रियों कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने भी शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में सीएम और तीन मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने नए मुख्यमंत्री को विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए दस दिनों का समय दिया है। आलमगीर आलम झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं, सत्यानंद भोक्ता राजद के इकलौते विधायक हैं। दोनों इसके पहले की हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री थे। चंपई सोरेन झारखंड के 12वें सीएम हैं। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद करीब 30 घंटे तक चले हाई वोल्टेज पॉलिटिकल ड्रामे के बाद गुरुवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे राजभवन बुलाकर राज्यपाल ने उन्हें सीएम के रूप में नियुक्त करने की सूचना दी और मनोनयन पत्र सौंपा।हेमंत सोरेन ने ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे सीएम पद से इस्तीफा दिया था। इसके तुरंत बाद चंपई सोरेन ने 43 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र राज्यपाल को सौंपकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उन्होंने कहा था कि हमें कुल 47 विधायकों का समर्थन हासिल है। राज्यपाल की ओर से इसपर फैसले में विलंब होने पर गुरुवार को चंपई सोरेन ने शाम साढ़े पांच बजे राज्यपाल से मुलाकात कर एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया था और उनसे आग्रह किया कि उन्हें सीएम पद की शपथ दिलाई जाए।

## राज्यसभा में देश तोडने की बात पर हंगामा, अपने ही सांसद पर बरसे खडगे

नई दिल्ली ,राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्र विभाजन के बयान पर कांग्रेस को देशवासियों, देश और सदन से माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने सदन में सुबह कहा कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के एक उपमुख्यमंत्री के भाई एवं दूसरे सदन के सदस्य राष्ट्र विभाजन की बात कर रहे हैं और उन्होंने इस संबंध में मीडिया में बयान दिया है।

गोयल ने कहा , सदन के सदस्य संविधान और देश की एकता, अखंडता तथा संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेते हैं। कांग्रेस नेता का यह बयान इस शपथ का उल्लंघन है। इस संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विभाजन के बयान पर कांग्रेस को स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए तथा इसकी कड़ी निंदा करनी चाहिए। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता पर खतरे को कभी भी सहन नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्टी देश तोडऩे की बात कभी सहन नहीं करेगी। भारत कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक है और इसे कोई भी



नहीं तोड़ सकता। खडग़े ने कहा कि बयान देने वाले नेता ने कहा है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा है। इसलिए इस मामले की जांच की जानी चाहिए।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता सर्वोच्च है तथा इससे ऊपर कोई भी नहीं है। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस मुद्दे पर पूरे सदन को एकजुट होना चाहिए और यह संदेश देना चाहिए कि राष्ट्रीय मुद्दे पर यह सदन एक है।

## एक नजर

### शहर में 6 जगह रखे हैं बम, मुंबई पुलिस को आया धमकी भरा मैसेज; एजेंसियां अलर्ट

मुंबई ,देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हमेशा ही सतर्क मोड पर रहती है। 26/11 के हमले के बाद शहर की सुरक्षा को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने बेहद ही सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। पुलिस को अगर कहीं से भी गड़बड़ी की सूचना मिलती है, वह एक्टिव हो जाती है। ऐसा ही एक मैसेज मुम्बई की ट्रैफिक पुलिस को मिला, जिसके बाद सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

मुंबई ट्रैफिक पुलिस के कंट्रोल रूम में एक मैसेज आता है। इस मैसेज में में लिखा था कि मुंबई में 6 जगह बम रखे हुए हैं, जोकि किसी भी वक्त ब्लास्ट हो सकते हैं। इस मैसेज के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और संवेदनशील जगहों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इसके साथ ही पुलिस मैसेज करने वाले का भी पता लगा रही है।

वहीं इससे पहले 31 दिसंबर 2023 को भी पुलिस को ऐसे ही धमकी भरा कॉल आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके कहा था कि नए साल पर पूरे शहर में धमके होंगे।

### छह दरोगा और चार एएसआई के कार्यक्षेत्र में बदलाव

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने छह दरोगा और चार एएसआई के तबादले किए है।

दरोगा हाकम सिंह को कोतवाली मंगलौर से शहर कोतवाली, विनोद गोला को पुलिस लाइन से कलियर, संजीव कुमार को पुलिस लाइन से खानपुर, प्रदीप कुमार को पुलिस लाइन से एसआईएस शाखा, भानू प्रताप को कलियर से पुलिस लाइन, रणजीत सिंह तोमर को सीआईयू से एएनटीएफ, एएसआई अजीत को ज्वालापुर से भगवानपुर, बालाराम को भगवानपुर से लक्सर, प्रदीप मलिक को क्षेत्राधिकारी कार्यालय लक्सर से भवगानपुर और चंद्रमोहन को भगवानपुर से कार्यालय क्षेत्राधिकारी लक्सर भेजा गया है।

## राज्य विधानसभा में व्यापक चर्चा के बाद उत्तराखण्ड में लागू होगा समान नागरिक संहिता कानून: मुख्यमंत्री धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने वाली समिति द्वारा इसका ड्राफ्ट उन्हें सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि 740 पृष्ठों की चार वॉल्यूम में तैयार की गई इस विस्तृत ड्राफ्ट रिपोर्ट को 05 फरवरी से आयोजित हो रहे राज्य विधान सभा के सत्र में सभी दलों के सदस्यों के साथ व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श के बाद इसे अधिनियम के रूप में तैयार कर राज्य में लागू कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हमने 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता से वादा किया था कि चुनाव के बाद राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जायेगा। प्रदेश की देवतुल्य जनता ने इसके लिए पूर्ण बहुमत की सरकार राज्य में बनाकर अपना समर्थन प्रदान किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वादे के मुताबिक हमने सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया था और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली , उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० सुरेखा डंगवाल एवं समाजसेवी मनु गौड़ को सम्मिलित किया गया। समिति द्वारा दो उप समितियों का गठन भी किया गया। जिसमें से एक उपसमिति का कार्य "संहिता" का प्रारूप तैयार करने का था। दूसरी उप समिति का कार्य प्रदेश के निवासियों से सुझाव आमंत्रित करने के साथ ही संवाद स्थापित करना था। समिति द्वारा देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किये गये। इस दौरान कुल 43 जनसंवाद कार्यक्रम किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिये समाज के हर वर्ग से सुझाव आमंत्रित करने के लिये 08 सितम्बर 2022 को एक वेब पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही राज्य के सभी नागरिकों से एसएमएस और वाट्सअप मैसेज द्वारा सुझाव आमंत्रित किये गये।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तैयार की सियासी पिच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने अगले कुछ सालों के लिए एक बड़ा सियासी मुद्दा और महत्वपूर्ण राजनीतिक पिच तैयार की है। जिसके आधार पर आने वाले दिनों में भाजपा अपनी नीतियों के मुताबिक एक बड़ा रिफॉर्म कर सकती है। राजनीतिक जानकारों की मानें अगर भाजपा तीसरे टर्म में केंद्र में सत्ता में आती है, तो उसका सबसे बड़ा पॉलिटिकल एजेंडा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना हो सकता है। सियासी गलियारों में भाजपा की ओर से पहले ही इसकी सुगबुगाहट हो चुकी है। रही सही अंतिम कसर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की जनसंख्या वृद्धि से होने वाली चुनौतियां से निपटने के लिए कमेटी के गठन की घोषणा से पूरी हो गई। सियासी जानकारों के मुताबिक भाजपा ने अपनी



रणनीतियों में एक बहुत बड़े दांव का कैनवास तैयार कर लिया है। जनसंख्या वृद्धि की वजह से होने वाली चुनौतियों को लेकर निर्मला सीतारमण ने बजट में जिस कमेटी के गठन का एलान किया है, उसी के साथ भाजपा के अगले चुनावों का बड़ी सियासी पिच भी तैयार हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक भास्कर शर्मा कहते हैं कि भाजपा और आरएसएस बीते कई वर्षों से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर मुखर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तो सार्वजनिक मंच से भी जनसंख्या वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए छोटे परिवार की संकल्पना की बात भी कही थी। भास्कर कहते हैं कि अब जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कमेटी के गठन का एलान कर दिया है, तो यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा भाजपा जोर शोर से उठाने वाली है। उनका मानना है कि धारा 370 और राम मंदिर की तरह यह मुद्दा भी भाजपा के लिए बड़ा उर्वरक है।

### खिली चटख धूप, बर्फीली हवाओं से बढ़ी कंपकंपी

देहरादून: उत्तराखंड में दो दिन बाद शुक्रवार को आसमान साफ हुआ और ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिली। हालांकि, बर्फीली हवाओं से दून समेत ज्यादातर क्षेत्र ठिठुर गए। मसूरी–धनोल्टी समेत आसपास के ऊंचाई वाले स्थल बर्फ से लकदक हो गए हैं। जहां हिमपात का लुत्फ उठाने पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा है। मौसम विभाग ने चोटियों पर आज भी हल्के हिमपात की आशंका जताई है। देहरादून समेत आसपास के मैदानी क्षेत्रों में धूप खिली रह सकती है। हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर में कहीं–कहीं कोहरा छाने के आसार हैं। इसके बाद रविवार और सोमवार को पहाड़ों पर भारी हिमपात को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को देहरादून समेत प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में सुबह से ही धूप खिली रही। हालांकि, बर्फीली हवाएं चलने से दिनभर ठिठुरन बनी रही। जिससे पारे में गिरावट दर्ज की गई। दून में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। गुरुवार को पर्वतीय क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ और निचले इलाकों में कहीं–कहीं ओलावृष्टि के साथ ही झमाझम वर्षा हुई। फरवरी में दो दिन में ही प्रदेश में सामान्य से 700 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीते दो दिन मसूरी, धनोल्टी, बुरांशखंडा, सुरकंडा, नागटिब्बा, लालटिब्बा, दूधली–भदराज में जोरदार हिमपात हुआ।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ली व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक, दिये दिशा निर्देश

देहरादून। राज्य में परियोजनाओं के निर्माण के संदर्भ में संसाधनों के अपव्यय को समाप्त करने हृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को सभी प्रोजेक्ट्स के निर्माण के दौरान इंटिग्रेटेड प्लान के साथ कार्य करने की कड़ी हिदायत दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि परियोजनाओं के विकास के दौरान मानव संसाधन, भवन, उपकरणों तथा प्रोजेक्ट्स के आउटकम पर एकीकृत समझ के साथ कार्य किया जाए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गोपेश्वर एवं रूड़की के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में बनने वाले 50 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग को सख्त हिदायत दी है कि हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से राज्य में नए निर्माणों से भी अधिक वर्तमान अस्पतालों, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को मजबूत करने एवं सुधारने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में संसाधनों के अपव्यय को रोकते हुए वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं को तत्परता से सुधारने के निर्देश




दिए हैं। श्रीमती राधा रतूड़ी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्तमान स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संसाधनों के अधिकतम उपयोग की सख्त नसीहत स्वास्थ्य विभाग को दी है। इसके साथ ही उन्होंने सभी अस्पतालों में सोलर पैनल एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य करने की बात कही।शुक्रवार को सचिवालय में 5 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मानसखण्ड योजना के तहत नैनीताल में माँ नयना देवी मन्दिर के सौन्दर्यीकरण एवं सुधारीकरण की समीक्षा करते हुए यहाँ पर पार्किंग के विस्तारीकरण, मंदिर के निकट फ्रीजिंग जोन बनाने तथा योजनाबद्ध विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 1101.62 लाख रूपये की लागत से संचालित होने वाले इस प्रोजेक्ट के तहत 1 वर्ष के भीतर मंदिर परिसर के विकास एवं सौन्दर्यीकरण, यूटिलिटि शिफिटंग, मंदिर परिसर के समीप पार्किंग स्थल को स्टैक पार्किंग में बदलकर उच्चीकृत किया जाएगा।

## दुकान में अवैध तरीके से रखे 10 गैस सिलेंडर जब्त

देहरादून। जिला पूर्ति विभाग ने दीपनगर क्षेत्र में एक दुकान में अवैध तरीके से रखे 10 सिलेंडरों को जब्त कर दिया। दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक साह ने बताया कि शहर में घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध रिफीलिंग की लगातार शिकायतें मिल रहीं थी। इस क्रम में विभाग ने अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को टीम में दीपनगर क्षेत्र में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक दुकान में पांच घरेलू और पांच छोटे गैस सिलेंडर बरामद हुए। दुकान स्वामी से सिलेंडरों से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। लिहाजा, टीम ने सिलेंडर जब्त कर दिए। साह ने बताया कि सिलेंडरों को संबंधित एजेंसी को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि टीम की ओर से आने वाले दिनों में होटल, ढाबे और अन्य जगहों पर भी छापेमारी की जाएगी। विभाग घरेलू सिलेंडरों का अवैध उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। टीम में पूर्ति निरीक्षक जगदीश प्रसाद सकलानी, पूर्ति सहायक विजय नैथानी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नशामुक्ति का दिया संदेश

देहरादून(आरएनएस)। बंजारावाला निवासी हितैषी ने अपनी शादी से नशामुक्ति का संदेश दिया है। हितैषी ने अपने पत्रकार पिता रमेश कुडियाल और माता सरिता से साफ कहा कि उसकी शादी में शराब या अन्य कोई भी नशा न परोसा जाय, जिसके लिए निमंत्रण कार्ड पर स्पष्ट लिखा जाय कि शादी में नशा वर्जित है।

समाज सेवक सुशील बहुगुणा ने हितैषी और उसके परिवार को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। बहुगुणा ने बताया कि अब तक 124 से अधिक शादियां बिना नशा के सम्पन्न कराई जा चुकी हैं, जिसमें जो परिवार बिना नशा के शादी करवाना चाहते हैं उनको शादी के निमंत्रण कार्ड पर स्पष्ट रूप से लिखना होता है, शराब नहीं संस्कार दीजिए। जो यह करते हैं बहुगुणा ऐसे वर वधू को सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर रामगोपाल कुड़ियाल, ललित मोहन कुड़ियाल, नागेन्द्र कुड़ियाल, रंजना सेमवाल, पदम कुड़ियाल, गणेश कुड़ियाल आदि मौजूद रहे।

### सब्जी लेने गए चालक की ई रिक्शा चोरी

हरिद्वार। सब्जी लेने गए चालक की ई-रिक्शा सेक्टर चार पीठ बाजार के पास से चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह के मुताबिक लेबर कॉलोनी निवासी संजय सैनी ने शिकायत कर बताया कि बीते 18 जनवरी को उसकी ई रिक्शा पीठ बाजार सेक्टर चार में सड़क किनारे खड़ा कर सब्जी लेने के लिए गया था। वापस आकर देखा तो ई रिक्शा गायब थी। तलाश करने के बाद जब रिक्शा का कुछ पता नहीं चला तो मामले की शिकायत पुलिस में की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### करंट लगने से गाय की मौत, व्यापारियों और तीर्थ पुरोहितों का हंगामा

हरिद्वार। सुभाष घाट पर करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। अक्रोशित सुभाष घाट के व्यापारियों और तीर्थ पुरोहितों ने प्रशासन और ऊर्जा निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। आरोप है की पूर्व में कई बार प्रशासन और ऊर्जा निगम से शिकायत करने के बाद मामले का संज्ञान नहीं लिया गया। शुक्रवार को व्यापारियों और तीर्थ पुरोहितों ने सुभाष घाट पर प्रशासन और ऊर्जा निगम के खिलाफ नारे बाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

# उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता के लिए गठित समिति ने ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को सौंपा

देहरादून। उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में बनी समिति ने शुक्रवार को ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 से पूर्व हमने उत्तराखण्ड राज्य की जनता से भारतीय जनता पार्टी के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वादे के मुताबिक हमने सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया था और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति में सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली , उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० सुरेखा डंगवाल एवं समाजसेवी मनु गौड़ को



सम्मिलित किया गया। समिति द्वारा दो उप समितियों का गठन भी किया गया। जिसमें से एक उपसमिति का कार्य "संहिता" का प्रारूप तैयार करने का था। दूसरी उप समिति का कार्य प्रदेश के निवासियों से सुझाव आमंत्रित करने के साथ ही संवाद स्थापित करना था। समिति द्वारा देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किये गये। इस दौरान कुल 43 जनसंवाद कार्यक्रम किये गये और प्रवासी उत्तराखंडी भाई-बहनों के साथ 14 जून 2023 को नई दिल्ली में चर्चा के साथ ही संवाद कार्यक्रम पूर्ण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिये समाज के हर वर्ग से सुझाव आमंत्रित करने के लिये 08 सितम्बर 2022 को एक वेब पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही राज्य के सभी नागरिकों से एसएमएस और वाट्सअप मैसेज द्वारा सुझाव आमंत्रित किये गये। समिति को विभिन्न माध्यमों से दो लाख बत्तीस हजार नौ सौ इक्सठ (2,32,961) सुझाव प्राप्त हुए। जो कि प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत परिवारों के बराबर है। लगभग 10 हजार लोगों से संवाद एवं प्राप्त लगभग 02 लाख 33 हजार सुझावों का अध्ययन करने हेतु समिति की 72 बैठकें आहूत की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा समिति से रिपोर्ट प्राप्त कर राज्य की जनता एवं राज्य सरकार की ओर से समिति के सभी विद्वान सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आशा की गई कि समिति के सदस्यों का यह योगदान राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन और परीक्षण कर यथाशीघ्र उत्तराखंड राज्य के लिये समान नागरिक संहिता कानून का प्रारूप तैयार कर संबंधित विधेयक को आगामी विधान सभा के विशेष सत्र में रखेगी।

# चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



हरिद्वार। चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। कार्रवाई के लिए सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों का कहना है कि चाइनीज मांझा जानलेवा साबित हो रहा है।युवा नेता अभिषेक गौड ने कहा कि कई लोग चाइनीज मांझे के कारण अपनी जान गवा चुके हैं। ज्वालापुर और हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में धड़ल्ले से चाइनीज मांझे की बिक्री की जा रही है। वसंत पंचमी पर हरिद्वार में जमकर पतंगबाजी होती है। कई लोग चाइनीज मांझे की बिक्री गुपचुप तरीके से कर रहे हैं। आरोप लगाया कि प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। दोपहिया वाहन चालक इसकी चपेट में आ जाते हैं। महिलाएं और बच्चे भी चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं।

## सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करेगी हरिद्वार पुलिस

देहरादून। अब हरिद्वार में पर्यटकों व नागरिकों की सुरक्षा के लिए उत्तराखंड पुलिस नए और अनोखे वाहनों में गश्त करती नजर आएगी। शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय ने हरिद्वार पुलिस को चार सेल्फ बैलेंसिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर दिए। इन स्कूटरों से पुलिस पैदल रास्तों, गंगा घाटों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में आसानी से गश्त कर निगरानी रख सकेगी। डीजीपी अभिनव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर ये स्कूटर रवाना किए। इस दौरान डीजीपी ने कहा कि संकरी गलियों में आसानी से चलने की क्षमता रखने वाले यह स्कूटर भीड़ प्रबंधन में मदद करेंगे। साथ ही यह इलेक्ट्रिक स्कूटर पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। हरिद्वार के आठ कर्मियों को इन सेल्फ बैलेंसिंग इलेक्ट्रिक स्कूटरों को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। सेल्फ बैलेंसिंग इलेक्ट्रिक स्कूटरों को चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके आठ कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर एडीजी अमित सिन्हा,एपी अंशुमान, आईजी नीलेश आनंद भरणे,उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से नेशनल स्ट्रेटजी मैनेजर सुयश आनन्द व जोनल हैड संतोष रंजन भी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर लापरवाही, नोटिस भेजकर सो गया जिला पंचायत




कोटद्वार के जिला परिषद मार्केट में सड़क पर सजी दुकानें

## जिला परिषद मार्केट के पचास दुकानदरों को दो माह पूर्व थमाया था नोटिस , अतिक्रमण के कारण आमजन का मार्ग पर चलना भी हो रहा मुश्किल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एक ओर जहां अतिक्रमण शहरवासियों के लिए नासूर बनता जा रहा है। वहीं, सरकारी सिस्टम भी इस समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। हालत यह है कि दिसंबर माह में जिला पंचायत पौड़ी ने कोटद्वार के जिला परिषद मार्केट के अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया था। जिसमें 48 घंटे के भीतर अतिक्रमण साफ करने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन, दो माह बीत जाने के बाद भी न ही दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाया और न ही जिला पंचायत ने दोबारा इस ओर ध्यान दिया। नतीजा अतिक्रमण के कारण संकरे हुए मार्ग पर हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। जबकि, पूर्व में मार्केट के ही कई अन्य व्यापारी अतिक्रमण साफ करने की मांग उठा चुके हैं।

कुछ माह पूर्व उच्च न्यायालय ने समस्त विभागों को अपनी नजूल भूमि से अतिक्रमण हटवाने के आदेश दिए थे। इसके बाद दिसंबर माह में जिला पंचायत पौड़ी ने जिला परिषद मार्केट के पचास अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया था। नोटिस में एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे। लेकिन, दो माह बीत जाने के बाद भी न ही धरातल से अतिक्रमण हटाया गया और न ही जिला पंचायत ने कोई आगे की कार्रवाई की। नतीजा, मार्केट में जगह-जगह सड़क पर पसरा अतिक्रमण आमजन के लिए नासूर बनता जा रहा है।

कई व्यापारियों ने सड़क पर ही दुकानें सजाई हुई है। ऐसे में पैदल चलने वाले लोगों को हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

### विवाद की बनी रहती है आशंका

जिला परिषद मार्केट में पसरा अतिक्रमण आए दिन विवाद का कारण बनता है। इस मार्केट में फैले अतिक्रमण के कारण आवाजाही के लिए पर्याप्त रास्ता नहीं रहता। ऐसे में कई मर्तबा राहगीरों की दुपहिया वाहन चालकों व व्यापारियों से जिरह होती है। पूर्व में शहरवासियों ने समस्या से उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवाया था। लेकिन, अधिकारी भी जनसमस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे।

# जामुन स्रोत गदेरे पर बनेगी पुलिया, वित्तीय स्वीकृति प्रदान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अंतर्गत लोनिवि दुगड्डा के लालपानी-सनेह मार्ग पर जामुन स्रोत गदेरे पर बने रपटों के स्थान पर चार पुलियों का निर्माण होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। ये सभी पुलियां मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल हैं। इनके निर्माण से बरसात के दौरान सनेह क्षेत्र के लोगों को सुगम आवाजाही की सुविधा मिलेगी।

दरअसल, लालपानी सनेह मार्ग के हालत खस्ताहाल होने के कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोग वर्षों से इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। वर्ष 2018-19 में शासन ने इस मार्ग के डामरीकरण और मार्ग के दोनों ओर इंटर लॉकिंग टाइल्स युक्त फुटपाथ के निर्माण के लिए करीब 1.75 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की थी। कार्यदायी संस्था लोनिवि दुगड्डा ने फुटपाथ का निर्माण किया। साथ ही लालपानी गैस एजेंसी और सनेह के बीच जामुनस्रोत में बने चार रपटों के स्थान पर क्रमशः 10 मीटर, 11 मीटर और 13-13 मीटर की पुलियों के निर्माण के लिए 3.93 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। शासन की ओर से इन पुलों के निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# ग्राम प्रधानों ने पंचायतों के कार्यकाल को बढ़ाने की उठाई मांग



प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दुगड्डा ब्लाक के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों ने पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने की मांग की है। इस संबध में ग्राम प्रधानों ने प्रधान संगठन अध्यक्ष सरदार सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2019 में पंचायतें चुनी गई थी। पंचायतों के गठन होने के बाद 2 वर्ष तक कोविड का प्रकोप रहा। इस कारण से पंचायतों की सामान्य बैठकें भी नहीं हो पाई। साथ ही पंचायतों के कार्य भी दो वर्ष तक ठप रहे। इसलिए पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में सुवान बेगम, रेखा रावत, कांती देवी, संगीता देवी, विनोद सिंह और महिपाल सिंह आदि ग्राम प्रधान शामिल रहे।

# वीआईपी ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को जिला मुख्यालय पौड़ी स्थित कंडोलिया मैदान में ''दिशा ध्याणी थौला मेला'' कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगें। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान एवं अपर पुलिस अधीक्षक जय बालोनी ने सुरक्षा एवं प्रबंधों की समीक्षा की। इस दौरान वीआईपी ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी अपने ड्यूटी स्थल को छोड़कर किसी एक स्थान पर एकत्रित न हों। ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का बिल्कुल इस्तेमाल ना किया जाए एवं ना ही बिना बताए अपने ड्यूटी प्वाइंट को छोड़ा जाए। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक जय बलोनी ने अधिकारी व कर्मचारियों को सजग व सर्तक रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि वीआईपी ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय से अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर लें तथा ड्यूटी स्थल व उसके आस-पास के स्थान को भली-भांति चेक कर लें। कोई भी संदिग्ध वस्तु मिलने पर उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारी को दी जाए। वीआईपी से मिलने वाले व्यक्तियों पर भी सुरक्षा की दृष्टि से कड़ी नजर रखी जाए। क्योंकि मुख्यमंत्री का पौड़ी में रोड शो कार्यक्रम होगा, इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता होगी। एएसपी ने कहा कि समस्त पुलिस अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों की पहचान कर उनके ड्यूटी कार्ड चेक कर लें तथा उनको ड्यूटी के सम्बन्ध में भली-भांति ब्रीफ कर लें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी अनुज कुमार, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार विभव सैनी, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर आर के चमोली, मुख्य शमन अधिकारी पौड़ी राजेन्द्र सिंह खाती, क्षेत्राधिकारी रूद्रप्रयाग प्रमोद घिल्डियाल सहित अन्य पुलिस अधिकरी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पौड़ी में आज इस तरह रहेगा ट्रैफिक प्लान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पौड़ी गढ़वाल आयेंगें। पुलिस विभाग की ओर से ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। पुलिस के अनुसार कार्यक्रम स्थल में शामिल होने वाले लोग निर्धारित स्थल पर पहुंचने के पश्चात् कण्डोलिया तक पैदल आयेंगे। थाना तिराहा से कण्डोलिया मार्ग की तरफ ऊपर कोई भी वाहन नहीं आएगा, रूट वन वे होने के चलते केवल नीचे को ही वाहन आ सकेंगे। छतरी धार से आर.टी.ओ. होते हुए कंडोलिया मैदान की ओर वनवे होने के चलते वाहन केवल ऊपर की ओर आयेंगे, उस दौरान नीचे नहीं जायेंगे। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात् ही इस रूट पर वाहन नीचे की ओर जा सकेंगे। पुलिस की सोशल मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बुआखाल की ओर से आने वाले बड़े वाहन बुआखाल से आयुक्त आवास होते हुए कण्डोलिया वाले मोड़ पर आयुक्त आवास के पीछे पार्क होंगें। बुआखाल की ओर से आने वाले हल्के व छोटे वाहन छतरी धार से आरटीओ कार्यालय होते हुए कंडोलिया मैदान पर सवारी उतारकर ल्वाली मार्ग पर पार्क होंगे। श्रीनगर से आने वाले हल्के/छोटे वाहन छतरी धार होते हुए आरटीओ कार्यालय होते हुए कंडोलिया मैदान पर सवारी उतारकर ल्वाली की तरफ पार्क होगें। टेका रोड़ से आने वाले बड़े वाहन कण्डोलिया में सवारी उतारकर तिराहा थाना, एस.एस.पी. आवास से देवप्रयाग रोड़ पर पार्क होंगें। टेका रोड़ से आने वाले हल्के वाहन ल्वाली की ओर पार्क होंगें। देवप्रयाग की ओर से आने वाले बड़े वाहन एस.एस.पी. आवास के पीछे कांजी हाउस बैरियर पर सवारी उतारकर वापस देवप्रयाग की ओर पार्क होंगें। देवप्रयाग से आने वाले हल्के वाहन एस.एस.पी. आवास से जिलाधिकारी कार्यालय मार्ग होते हुए सवारी उतारकर वापस देवप्रयाग मार्ग पर पार्क होंगें। सत्याखाल से आने वाले वाहन सी.एम.ओ. तिराहा से नये बस अड्डे की तरफ पार्क होंगे।

## 15 फरवरी तक जमा करें आवेदन पत्र

कोटद्वार : सेवायोजन विभाग उत्तराखंड द्वारा संचालित शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केंद्र गोविंद नगर में आरक्षित वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छः मासीय टंकण व लिपिकीय व्यवसाय और एक वर्षीय निःशुल्क आशुलिपि प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष रखी गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में केंद्र से आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी व साक्षात्कार की तिथि 16 फरवरी रखी गई है। यह जानकारी देते हुए केंद्र के प्रभारी अधिकारी उत्तम सिंह ने प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं से केंद्र में संपर्क करने की अपील की है।

# तलाई की टीम ने जीता बालीबाल का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रिखणीखाल प्रखंड के अंतर्गत समाजसेवी लीलानंद लखेड़ा स्मृति बालीबाल प्रतियोगिता तलाई की टीम ने जीत ली है। फाइनल में तलाई ने कर्तिया को हराया। इस दौरान राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून की ओर से आयोजित शिविर में 42 दिव्यांग जनों को उपकरण वितरित किए गए।

राजकीय इंटर कालेज सिद्धखाल के खेल मैदान में आयोजित फाइनल का आरंभ जिला पंचायत सदस्य शालिनी बलोधी ने किया। तत्पश्चात खेले गये फाइनल में तलाई ने कर्तिया को 25-27, 23-25, 25-16, 25-22 और 15-11 से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। इस दौरान राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून की ओर से 42 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, बैशाखी, छड़ी व चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजक कमेटी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बिड़ला परिसर की वरिष्ठ केंद्राध्यक्षा बनी प्रो. मैखुरी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की शिक्षा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. रमा मैखुरी को बिड़ला परिसर की वरिष्ठ केंद्राध्यक्षा नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि कुलसचिव डा. धीरज शर्मा ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत शिक्षा विभाग की प्रो. रमा मैखुरी को बिड़ला परिसर का वरिष्ठ केंद्राध्यक्षा नियुक्त किया गया है। (एजेंसी)

## एक नजर

### मुख्य मार्ग से गांव जाने के लिए चढ़ रहे सात किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम काटल के ग्रामीणों ने उनके गांव को जल्द सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग की है। कहा कि सड़क के अभाव में ग्रमीणों को सात किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के लिए 13 वर्ष पूर्व सड़क प्रस्तावित की गई थी। लेकिन, अब तक वन विभाग की एनओसी नहीं मिलने के कारण धरातल पर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। नतीजा ग्रामीणों को मुख्य मार्ग रामणी से गांव तक पहुंचने के लिए सात किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। सुविधा के अभाव में गांव से लगातार पलायन जारी है। सबसे अधिक परेशानी बीमार व गर्भवती महिलाओं को मुख्य मार्ग तक पहुंचाने में होती है। ग्रामीणों ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द इसके निराकरण की मांग की है। कहा कि ग्रामीणों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### निबंध में श्रेष्ठी, चित्रकला में आरूषि ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल क्षेत्र के अंतर्गत जनता इंटर कालेज कोठिला में दीवा रेंज धुमाकोट के अधिकारियों द्वारा वन सुरक्षा सप्ताह में वनों को आग से बचाने की जानकारी छात्रों को दी गई। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में श्रेष्ठी प्रथम, भाष्कर पोखरियाल द्वितीय, अर्पिता तृतीय, चित्रकला में आरुषि प्रथम, नेहा द्वितीय, प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को दीवा रेंज धुमाकोट ने इंटर कालेज कोठिला प्रधानाचार्य अजीत सेमवाल की अध्यक्षता में आयोजित वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह में बोलते हुए रेंज अधिकारी सुभाष चंद्र घिडियाल ने कहा कि वन हमारी धरोधर हैं इसे बचाने के लिए सभी लोगों को सामूहिक प्रयास करने चाहिए। वन दरोगा दीवा रेंज शिव सिंह रावत ने छात्र-छात्राओं को वनों को आग से बचाने की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर वन विभाग द्वारा निबंध, चित्रकाल प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार बांटे गए। इस अवसर पर वन दरोगा प्रियंका भट्ट, आशीष ध्यानी, विजय कुमार, अशोक बिष्ट, रोशनी देवी आदि मौजूद थे।

### तिलवाड़ा नगर पंचायत में सबसे कम मतदाता

रुद्रप्रयाग : आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए निर्वाचन नामावली को पूरी तरह सुव्यवस्थित और सभी मतदाताओं के नाम शामिल कर प्रकाशित किया गया है। जनपद के तीन नगर पंचायतों की नामावली प्रकाशित कर दी गई है। इसमें सबसे कम मतदाता तिलवाड़ा नगर पंचायत के हैं। तीनों नगर पंचायतों के समस्त वार्डों की निर्वाचक नामावलियां प्रकाशित कर दी गई हैं। नगर निकाय के समस्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आलेख्य में किए गए संसोधनों की सूची अपर जिलाधिकारी/जिला रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध कर दी गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानी ललित मोहन गोदियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की नगर पंचायत ऊखीमठ, तिलवाड़ा एवं अगस्त्यमुनि में आपत्तियों के बाद अंतिम नामावली सूची प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन 2 फरवरी, 2024 के समय नगर पंचायत ऊखीमठ के 4 वार्डों में कुल मतदाताओं की संख्या 2223 है। इसी तरह नगर पंचायत अगस्त्यमुनि के 7 वार्डों में 3610 मतदाता जबकि नगर पंचायत तिलवाड़ा के 4 वार्डों में कुल मतदाताओं की संख्या 2115 है। (एजेंसी)

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकार चिंतित : डॉ. रावत

### उत्तराखण्ड राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के पौड़ी पहुंचने पर उत्तराखण्ड राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा की सरकार कार्मिको की पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर चिंतित है। मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक कार्मिको की बात पहुंचाई जाएगी।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयदीप रावत ने कहा कि आज कर्मचारी इस बात से आहत है कि सेवानिवृत्ति पर उसे केवल 1000 या 15 सौ रुपए पेंशन मिल रही है। जो कि वृद्धावस्था पेंशन से भी कम है। इस दयनीय स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है। प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि एक ओर सांसद एवं विधायक पुरानी पेंशन ले रहे हैं वही दूसरी ओर कार्मिको को इस योजना से लाभानवित नहीं किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। एक कर्मचारी अपने जीवन का बहुमूल्य समय देश सेवा में गुजार देता है और इस आशा के साथ सेवानिवृत्त होता है कि सेवानिवृत्ति के बाद उसका जीवन पेंशन के सहारे सुखद कट सके। लेकिन आज की नई पेंशन व्यवस्था से वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक लंबी सेवा में कर्मचारी जनहित में कार्य करते हुए यह सोचता है कि उसका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। उनका कहना है कि सरकारी सेवा के प्रति लोगों का आकर्षण भी इसीलिए है कि सेवानिवृत्ति के बाद वह और उनका परिवार सुरक्षित रहे। लेकिन अब उसे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। श्री पोखरियाल ने कहा कि यह व्यवस्था शुरू में आकर्षक लग रही थी और कर्मचारियों को भरोसा था कि इससे सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने जीवन का यापन अच्छे ढंग से कर सकेंगे। लेकिन जैसे-जैसे नई पेंशन से कर्मचारी सेवानिवृत्त होने लगे उन्हें नई पेंशन की खामियां मालूम होने लगी और आज हर कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए संघर्षरत है।



कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते हुए उत्तराखण्ड राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा के सदस्य।

# एनआईटी उत्तराखंड के कुलसचिव डॉ. आजाद ने पदभार ग्रहण किया

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड में पूर्णकालिक कुलसचिव पद पर डॉ. हरि मौल आजाद ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर एनआईटी में नवनियुक्त कुलसचिव के स्वागत में मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि डॉ. एचएम आजाद को लगभग 20 वर्षों से ज्यादा का कार्य अनुभव है और वे प्रशासनिक बारीकियों से बखूबी परिचित हैं।

प्रो. अवस्थी ने आशा व्यक्त करते हुए डॉ. आजाद के अनुभव और सकारात्मक दृष्टिकोण से संस्थान को लाभ मिलेगा और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक अपने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में अवश्य सफल होगा। डॉ. आज़ाद वर्तमान में गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पद पर तैनात थे और प्रशासनिक कार्यों में काफी दक्ष माने जाते हैं। इसके पूर्व डॉ. आजाद गढ़वाल विश्वविद्यालय में उपकुलसचिव और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के ऋण वसूली शाखा में रजिस्ट्रार के रूप में अपनी प्रशासनिक सेवाएं दे चुके हैं। गढ़वाल विश्वविद्यालय में नियुक्ति से पूर्व डॉ. आजाद भारतीय पशु चिकित्सा अनुसन्धान संस्थान में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा पक्षी अनुसन्धान संस्थान व सोयाबीन अनुसन्धान निदेशालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। डॉ. आजाद ने संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों से पारस्परिक सहयोग और सामूहिक भावना के साथ काम करने की अपील की। संशय की स्थिति होने पर फाइलों में अनावश्यक टिप्पणी लिखने के बजाय पहले परामर्श लेने का सुझाव दिया। इस मौके पर संस्थान के पूर्व प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेन्द्र त्रिपाठी, सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित कोतवाली में नवनियुक्त इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह रौतेला ने सड़क सुरक्षा माह को लेकर व्यापारियों से समन्वय बैठक ली। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा में आम जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक ने नगर के व्यापार संघ के पदाधिकारियों, व्यापारियों के साथ ही अन्य लोगों के साथ समन्वय स्थापित किए जाने को लेकर बैठक ली। इस दौरान सड़क सुरक्षा के साथ ही नगर में यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। व्यापार संघ पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने यातायात संबंधी कई सुझाव भी दिए। इस दौरान सभी से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह में सहयोग देने का अनुरोध किया गया।

# राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के जिलाध्यक्ष बनें दर्शन रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी की कोर कमेटी की बैठक राष्ट्रीय संरक्षक सुरेश चंद्र जुयाल, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में दर्शन सिंह रावत को पौड़ी जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

संरक्षक सुरेश चंद्र जुयाल ने बताया कि समस्त पौड़ी जिले की कार्यकारिणी के लिए कोर कमेटी में प्रस्ताव पास किया गया। जिस पर पौड़ी जिले का जिलाध्यक्ष दर्शन सिंह रावत को नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत ने बताया कि संगठन क्षेत्रीय मुद्दों को साथ में लेकर संगठन विस्तार का कार्य कर रहा है। वरिष्ठ पदाधिकारी संगठन के निर्माण से लेकर नगर निकाय, ग्राम सभा, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत के चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। कहा कि क्षेत्रीय मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने एवं उनके निवारण के लिए जल्द ही कमेटी गठित की जाएगी। बैठक में प्रमोद डोभाल (प्रदेश अध्यक्ष श्रमिक प्रकोष्ठ), विनोद कोठियाल (प्रदेश प्रचार सचिव), संजय कुमार (जिला संगठन सचिव), सुमन रावत, अनुज, राकेश रावत, चंद्रशेखर, आशीष नेगी, जगदीश सिंह, इंद्रजीत, जगमोहन सिंह, यशपाल सिंह, लाल सिंह, रश्मि देवी, संतोषी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, मीना देवी, विजयलक्ष्मी, मधु देवी, बीना देवी, जसोदा, उमा देवी, सीमा, संगीता देवी, मुकेश रावत आदि मौजूद थे।



# लुठियाग में सड़क के लिए क्रमिक अनशन जारी

रुद्रप्रयाग : सड़क की मांग को लेकर लुठियाग के ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने 6 फरवरी को चिरबिटिया में चक्काजाम की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत में 450 परिवार हैं, जिसकी आबादी करीब 1600 है। सड़क सुविधा नहीं होने से स्वास्थ्य केन्द्र के लिए कई किमी पैदल चलना पड़ता है। जखोली ब्लॉक के लुठियाग के ग्रामीणों का चिरबटिया पंचायत भवन में चल रहा क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण बीते 18 वर्षों से गांव को सड़क की मांग करते आ रहे हैं, किंतु अभी तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने कहा कि वे पूर्व में विधायक, जिलाधिकारी एवं लोनिवि को ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिससे ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। प्रधान दिनेश सिंह कैंतुरा ने बताया कि वर्ष 2005 से अब तक कई बार मोटरमार्ग निर्माण की सर्वे हो चुकी है, किंतु आज तक संयुक्त रूप से लोनिवि, राजस्व एवं वन विभाग ने सर्वे नहीं किया है। जबकि शासन से मार्ग निर्माण को लेकर प्रथम चरण का धन लोनिवि को आवंटित भी हो चुकी है। लोनिवि संयुक्त सर्वे की बात कहकर हर बार गुमराह कर रहा है। बीमार होने पर बुजुर्ग एवं महिला को अस्पताल ले जाने में भी मुश्किलें उठानी पड़ रही है। पालकी के सहारे किसी तरह मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जाता है। कहा कि यातायात के अभाव में गांव का विकास पूरी तरह रुका है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 5 फरवरी तक क्रमिक अनशन किया जाएगा, जबकि 6 फरवरी को चिरबटिया में चक्काजाम एवं 7 फरवरी से अनिश्चितकालीन अमरण अनशन शुरू किया जाएगा। (एजेंसी)



### वनों की सुरक्षा के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी

रुद्रप्रयाग : वनों को आग से बचाने के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोट तल्ला में अग्नि सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वन विभाग के साथ ही अन्य वक्ताओं ने वनों की सुरक्षा के लिए सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोट तल्ला में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सतेंद्र भंडारी ने की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और वन्य जीवों की रक्षा के लिए जंगलों में आग लगने से रोकना है। समाज के हर व्यक्ति को इसके लिए जागरूक किया जाना चाहिए। रुद्रप्रयाग रेंज के अनुभाग अधिकारी संतोष बड़वाल ने कहा कि प्रकृति की रक्षा तभी हो सकेगी जब हम वनों को सुरक्षित रख सकें।

# लंबित परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक पूर्ण करें : डीएम

## डीएम ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की ली समीक्षा बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जेजेएम के अंतर्गत समस्त परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक पूर्ण करने के साथ ही सभी घरों में पाइप लाइन के जरिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए और रेगुलर मॉनिटरिंग करते हुए अवशेष कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर जल सर्टिफिकेशन के लिए रोस्टर निर्धारित करते हुए सर्टिफिकेशन कार्यों तेजी लाई जाए। जिन घरों में एफएचटीसी हो गई है, उनको



शीघ्र पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान जल संस्थान एवं निगम के सभी डिवीजनों के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जल निगम गोपेश्वर के अधिशासी अभियंता के उपस्थित न रहने पर उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत में 76344 घरेलू जल संयोजन के सापेक्ष अभी तक 76168 घरेलू जल संयोजन किए जा चुके है और 99.77 प्रतिशत एफएचटीसी का कार्य पूरा कर लिया गया है। अवशेष 176 घरेलू संयोजन का कार्य प्रगति पर है। विकासखंड दशोली, नंदानगर, जोशीमठ, पोखरी, देवाल और थराली में एफएचटीसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। दूसरे चरण में 547 योजनाओं में से 222 पूर्ण और 325 योजनाएं प्रगति पर है, जो अगले माह मार्च तक पूर्ण कर ली जाएंगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण के लिए आवंटित 24434.50 लाख बजट के सापेक्ष 6945.43 लाख व्यय कर लिया गया है। कुल 1252 योजनाओं में से 474 योजनाओं की जियो टैगिंग कर ली गई है। नलकूप पेयजल योजनाओं के लिए विद्युत कनेक्शन कर लिए गए है। जनपद के सभी 1376 विद्यालयों, 953 आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं 592 पंचायत भवनों में एफएचटीसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, अधिशासी अभियंता एसके श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार, जल निगम कर्णप्रयाग के अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप सिंह, गोपेश्वर के सहायक अभियंता सुरेंद्र लाल, एसडीओ जुगल किशोर आदि उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव को गढ़वाली रचित रामायण भेंट की

नई टिहरी : हिमालयन हेरिटेज सोसाइटी से जुड़े लोगों ने प्रदेश की नव नियुक्ति पहली महिला मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात कर उन्हें गढ़वाली में रचित रामायण पुस्तक को भेंट की। सोसाइटी के लोगों ने टिहरी संसदीय क्षेत्र के साथ प्रदेश की समस्याओं से मुख्य सचिव को अवगत करवाया। सोसाइटी के सचिव रजनीश कौंसावल, प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रदेश अध्यक्ष विनोद खंडूरी, उत्तरकाशी भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र राणा, आशीष रतूड़ी, सुनील डोभाल ने मुख्य सचिव की नियुक्ति पर सीएम धामी का आभार जताया। उन्होंने मुख्य सचिव से शहीदों और राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरुप जनता को मूलभूत मौलिक अधिकार दिलाने, विभागों में ठेकेदारी भर्ती प्रक्रिया समाप्त करने, राज्य में भर्ती प्रक्रिया सरकारी एजेंसियों उपनल, पीआरडी, एनएचएम और सेवायोजन दफ्तरों के माध्यम से कराये जाने, राज्य की सुरक्षा हेतु राज्य की सीमाओं पर बैरियर लगाने, सघन चेकिंग अभियान चलाने, बाहरी राज्यों से उत्तराखंड में आने वाले वाहनों से ग्रीन टैक्स लिये जाने आदि मांग रखी। (एजेंसी)

## डीएम दीक्षित ने जिला पुस्तकालय को हाईटेक बनाया

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन राजकीय जिला पुस्तकालय को नया रूप दिया गया है। युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं, बुजुर्गों के लिए साहित्य, शोधकर्ताओं के लिए भी जरूरी पुस्तकें यहां रखी गई हैं। जिलाधकारी मयूर दीक्षित के प्रयासों से यह संभव हुआ है।

डीएम दीक्षित ने जिले की जिम्मेदारी संभालने के बाद पिछले साल जुलाई में जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। वहां की स्थिति खराब थी। डीएम को पठन-पाठन का माहौल नजर नहीं आया। डीएम ने लाइब्रेरी को बहुउपयोगी बनाने का निर्णय लिया। डीएम के प्रयासों से बौराड़ी स्थित जिला पुस्तकालय हाइटेक हो गया है। पुस्तकालय के ग्राउंड फ्लोर में 100 साल पुराने दस्तावेजों और पुस्तकों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। पचास हजार से अधिक पुस्तकों में अब तक 26 हजार से अधिक किताबों को सूचीबद्ध किया जा चुका है। जिनमें वैदिक भारत, भागवत गीता, समाज एवं संस्कृति, प्राचीन भारत की सांस्कृतिक विरासत, भारतीय समाज, जीवन दर्शन, पोषण एवं स्वास्थ्य विज्ञान, इंगलिस ग्रामर, सृजनात्मक साहित्य, भारत की राजव्यवस्था आदि पुस्तकें शामिल हैं। पुस्तकालय के पहले तल पर 165 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। कुछ समय पहले टिहरी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस पुस्तकालय का भ्रमण किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी एसपी सेमवाल का कहना है कि डीएम के प्रयास से पुस्तकालय में सीसीटीवी कैमरे व वाई-फाई कनेक्शन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। पुस्कालय में पाठकों की संख्या बढ़ने लगी है। (एजेंसी)

## सीएचसी चौंड में डॉक्टरों की तैनाती की जाए

नई टिहरी : उत्तराखंड किसान सभा टिहरी ने प्रतापनगर के सीएचसी चौंड में पदों के सापेक्ष चिकित्सकों की तैनाती की मांग की है। सीएचसी की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार न होने पर उन्होंने आंदोलन की बात कही है।

शुक्रवार को किसान सभा टिहरी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा के नेतृत्व में किसान सभा के लोगों ने सीएमओ डॉ. मनु जैन को पत्र सौंपकर सीएचसी में चिकित्सकों की तैनाती की मांग की है। कहा कि सीएचसी चौंड में पदों के सापेक्ष चिकित्सकों की तैनाती न होने का खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सीएचसी में डाक्टरों के कारण मरीजों को इलाज के लिये अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। बताया सीएचसी चौंड में चिकित्सकों और सुविधाओं के अभाव के चलते अस्पताल कर्मियों द्वारा हाल ही में एक गर्भवती महिला को जिला अस्पताल बौराड़ी के लिये रेफर किया, लेकिन गर्भवती



महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। कहा सीएचसी में मानकों के अनुरुप चिकित्सकों की तैनाती होती है, तो गर्भवती महिला की जान बचाई जा सकती थी। कहा जिला अस्पताल बौराड़ी सहित अन्य सीएचसी और पीएचसी में चिकित्सकों की कमी बनी है, जिसका खामियजा लोगों को उठाना पड़ा रहा है। सीएचसी चौंड में मानकों के अनुरुप जल्द चिकित्सकों की तैनाती नहीं होती है, तो किसान सभा क्षेत्रीय जनता के साथ आंदोलन के लिये बाध्य होगी। मांग करने वालों में किसान सभा अध्यक्ष कृपाल सिंह कैठत, सचिव सफर सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## जनता और पार्टी के बीच समन्वय बनाएं कार्यकर्ता : चमोली

नई टिहरी : जिला भाजपा कार्यालय में नई टिहरी मंडल की गांव चलो अभियान की कार्यशाला हुई। कार्यशाला का शुभारंभ पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने अन्य पदाधिकारियों के साथ किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांव चलो अभियान से जन-जन को जोड़ने का काम किया जाएगा। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी नियमित काम करेंगे। गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी आम लोगों से जुड़ें। लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को बताएं। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुई



नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि कार्यशाला में तय किया गया है कि मंडल के प्रत्येक बूथ पर एक कार्यकर्ता प्रवास करेगा। यहां राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। उन्होंने मंडल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बताया कि गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास के साथ ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। पार्टी व जनता के बीच पूरा समन्वय बनाये रखें। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मस्ता नेगी, मीडिया प्रभारी डॉ. प्रमोद उनियाल, मंडल प्रभारी कृष्णा कोठारी, विजय कठैत, धनीराम नौटियाल, उर्मिला राणा, लक्ष्मी रावत, सरोज बहुगुणा, तौफिक अहमद, असगर अली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सीमेंट-सरिया से भरा ट्रक गिरा, चालक-हेल्पर घायल

नई टिहरी : देवप्रयाग भागीरथी पुल के समीप एक ट्रक बेकाबू होकर नदी किनारे जा गिरा। पत्थरों में गिरने से ट्रक के परखच्चे उड़ गए। वहीं चालक व सहायक के बाहर छिटकने से उनकी जान बच गयी। पुलिस टीम ने दोनों को हल्की चोटें आने पर सीएचसी में भर्ती कराया। बीती गुरुवार रात करीब ढाई बजे ऋषिकेश से नंदप्रयाग सीमेंट सरिया लेकर जा रहे ट्रक का भागीरथी पुल के निकट अचानक ब्रेक पाइप फट गया। जिससे ट्रक बेकाबू होकर भागीरथी की ओर पलट गया। चालक रणवीर सिंह पुत्र रामदयाल सिंह ग्राम वाडा अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग व सहायक नीरज पुत्र जगमोहन सिंह ग्राम बंदरखंड कर्णप्रयाग, चमोली के ट्रक के बाहर छिटकने से उनकी जान बच गयी। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत के अनुसार पुलिस टीम ने दोनों को नदी तट से निकालकर सीएचसी भेजा। जहां उनका उपचार कर छुट्टी दे दी गयी है।

## बिजली—पानी के कनेक्शन काटे जाने पर भड़के प्रभावित



चमोली : जोशीमठ में प्रशासन द्वारा आपदा प्रभावित ऐसे परिवार जिनके घरों का पूर्ण भुगतान हो चुका है उनके घरों के बिजली व पानी के कनेक्शन काटे जाने शुरू हो गए हैं। अचानक प्रशासन की कार्यवाही से प्रभावितों में हड़कंप मच गया गया है, क्योंकि जनवरी माह का किराया नहीं मिलने व नगर में किराये के भवनों की कमी समेत अन्य कारणों के बाद अधिकांश प्रभावित अपने क्षतिग्रस्त भवनों में लौट आये हैं, वहीं सदियों में बिजली पानी काटने शुरू होने से प्रभावितों में अक्रोश है।

प्रशासन की कार्यवाही के बीच जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने शंकराचार्य स्वरूपानन्द सरस्वती आश्रम में बैठक कर सरकार से प्रभावितों के प्रति मानवीय दृष्टीकोण अपनाने की अपील करते हुए 11 बिन्दुओं पर चर्चा की व निर्णय लिया की एक सप्ताह के अंदर पुनः बैठक कर इन बिन्दुओं को सरकार के सामने रखा जायेगा, ताकि नगर के लोगों को राहत मिल सके। बैठक में निर्णय हुआ कि जोशीमठ के प्रभावितों को नगर के निकट की ही सुरक्षित भूमि, सेना को नगर से हटाते हुए सेना, आईटीबीपी एवं एनटीपीसी की सुरक्षित भूमि में भी विस्थापन दिया जाय, जिन जिन क्षेत्रों को हाई रिस्क एवं मिडियम रिस्क एवं रैड जोन में रखा गया है कि परिवार वार सूची जारी करने, नगर के ट्रीटमैंट के लिए केन्द्र द्वारा जो पैंसे दिए गए है उसके सापेक्ष नगर का जल्द ट्रीटमैंट शुरू करने, जमीनों का मुआवजा देने, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से स्लैब हटाने आदि की मांग की।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कोटद्वार गढ़वाल द्वारा दिनांक 04-12-1998 को मेरा जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था। जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सन्तोषी एवं जन्मतिथि 19-04-1992 अंकित है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सीमा गुप्ता (SEEMA GUPTA) एवं जन्मतिथि 14-04-1992 है। अतः मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही व वास्तविक नाम सीमा गुप्ता (SEEMA GUPTA) एवं जन्मतिथि 14-04-1992 अंकित की जाय।

**सीमा गुप्ता पुत्री विजय कुमार निवासी पटेल मार्ग, कोटद्वार, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1610/21)

# सम्पादकीय

## बेरोजगारी का संगीन साया

एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ टेक कंपनियां अब बड़े पैमाने पर एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी नहीं रह गई है। नए साल की शुरुआत के साथ टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनियों में कर्मचारियों की छंटनी की खबरें आने लगी हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक सभी ने एलान किया है कि इस वर्ष वे अपनी कर्मचारियों की संख्या में कटौती करेंगी। इसकी दो वजहें बताई गई हैं।

एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ ये कंपनियां अब बड़े पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी आवश्यकता नहीं रह गई है। इस बीच टीसीएस और इन्फोसिस जैसी भारत की भी बड़ी कंपनियों ने अपनी पिछली तिमाही की जो रिपोर्ट जारी की है, उसके परिणाम निराशाजनक आए हैं। इसका प्रभाव इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर अवश्य पड़ेगा। मतलब यह कि हाई टेक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए संकटपूर्ण दिन आने वाले हैं। वैसे यह सूरत सिर्फ टेक क्षेत्र की नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने चेतावनी दी है कि नए साल में दुनिया भर में बेरोजगारी बढने् का अंदेशा है। आईएलओ ने कहा है कि साल 2022 में वैश्विक बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत थी, जो पिछले साल थोड़ी बेहतर होकर 5.1 प्रतिशत रही। लेकिन आईएलओ के अध्ययन के मुताबिक 2024 में श्रम बाजार परिदृश्य और बेरोजगारी के बिगडने् की आशंका है। इस साल वैश्विक बेरोजगारी दर बढक्र इस साल 5.2 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। आईएलओ के मुताबिक जी–20 के सदस्य अधिकांश देशों में अतिरिक्त आय में कमी आई है। महंगाई बने रहने की वजह से जीवन स्तर में जो गिरावट हुई है, वह जल्द सुधरने वाली नहीं है। आईएलओ ने दुनिया भर में बढ़ती गैर–बराबरी और सुस्त उत्पादकता पर चिंता जताई है। लेकिन आईएलओ ने अपने एक अन्य अध्ययन के आधार पर कहा है कि चीन, रूस और मेक्सिको को छोडक्र जी–20 के सदस्य देशों में 2023 में औसत वास्तविक वेतन में गिरावट आई हुई। ब्राजील, इटली और इंडोनेशिया में वास्तविक वेतन में सबसे तेज गिरावट देखी गई। तो उभरता आर्थिक परिदृश्य सबके सामने है, जिस पर नीति निर्माताओं को चिंता करने की जरूरत है।

## सर्दियों में होंठ खो देते हैं अपनी नमी, इन घरेलू नुस्खों से बनाएं इन्हें मुलायम

जनवरी खत्म होने को है, लेकिन सर्दी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सर्दियों में कई लोगों के होंठ फट जाते हैं।ठंड और सर्द हवा हमारे नाजुक होंठों की त्वचा पर कहर बरपा सकती है। इसके कारण होंठ फटने लगते हैं और अक्सर इनमें बेहद दर्द भी होता है।यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके होंठ ठंड के महीनों में भी मुलायम बने रहें, आइए हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताते हैं।

**सबसे पहले जानें सर्दियों में होंठ फटने के कारण**

सर्दी के मौसम में होंठ कई कारणों से फटते हैं। इन कारणों में ठंडा तापमान और पर्यावरण में कम नमी शामिल हैं।साथ ही होंठ फटने पर अक्सर लोग उन्हें चाटते हैं, ऐसा करने से उन्हें लगता है कि वे होंठों को नम बना रहे हैं, लेकिन इसका विपरीत असर पड़ता है।ये सभी कारण त्वचा से प्राकृतिक तेल छीन लेते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन होता है और होंठ फट जाते हैं।

**पानी का सेवन करें**

होंठ पानी की कमी के कारण फंटते हैं, इसलिए अपने होंठों सहित अपने पूरे शरीर को अच्छी तरह से नमीयुक्त रखने के लिए सबसे अनिवार्य है पानी पीना।सर्दियों के दौरान पानी के सेवन को नजरअंदाज करना आसान होता है, लेकिन हाइड्रेटेड रहने से सूखेपन से लडने् में मदद मिलती है।इसके लिए जरूरी है कि आप दिन भर में करीब 8 गिलास पानी पीएं।आप ऐसे फलों का सेवन करें, जो शरीर को हाइड्रेट करें।

**लिप बाम का प्रयोग करें**

होंठों की नमी बनाए रखने के लिए एक अच्छे और हाइड्रेटिंग लिप बाम में निवेश करें। शहद, शिया बटर या नारियल तेल जैसी सामग्री वाले लिप बाम का चयन करें।इसे पूरे दिन नियमित रूप से लगाएं, खासकर बाहर निकलने से पहले। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप कभी भी इसकी सुरक्षा से वंचित न रहें, अपनी जेब में एक लिप बाम अतिरिक्त रखें।बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं। इनमें सबसे उपयुक्त लिप बाम चुनें।

**एक्सफोलिएट करें**

होंठों को एक्सफोलिएट करने से बेजान त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है और होंठ चिकने हो जाते हैं।शहद और चीनी के मिश्रण का उपयोग करके एक लिप स्क्रब बनाएं। स्क्रब को धीरे–धीरे अपने होंठों पर गोलाकार गति में मलें, फिर अच्छी तरह से धो लें।यह सरल एक्सफोलिएशन होंठों को फटने और परतदार होने से बचाने के लिए अद्भुत काम कर सकता है।

# हिम्मत का काम

**श्रुति व्यास**

गत 26 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने हिम्मत का काम किया। अमरीका और उसके मित्र देशों को आईना दिखाया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते अदालत में मामला दायर किया था। उसी पर प्रारंभिक फैसला सुनाते हुए न्यायालय के 17 में से 15 जजों (जो दुनिया भर के प्रतिष्ठित विधिवेत्ता हैं) ने कहा कि यह मुमकिन है कि इजराइल फिलिस्तीनियों का कत्लेआम कर रहा हो।

यह फैसला निश्चित तौर पर उन 23 लाख फिलिस्तीनियों की जीत है, जिनके अस्तित्व पर खतरा हर दिन गहराता जा रहा है। सवाल है फैसले का क्या मतलब है? पहला तो यह कि दक्षिण अफ्रीका की "तात्कालिक कदम उठाए जाने" की दरखास्त मंजूर हुई है और अदालत ने एक तरह का अस्थायी आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत इजराइल को यह आदेश है कि वह ऐसे कदम उठाए जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जब तक मामला लंबित है, तब तक आगे और नरसंहार न हो। मगर फैसले में युद्धबंदी की बात नहीं कही गई है, जैसी कि दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद थी। यह इजराइल के लिए राहत की बात है। उसने नरसंहार के आरोप को गलत बताया है और प्रारंभिक फैसले की भर्त्सना की है।

इजराइल को इस तरह के आदेशों से निपटना आता है। सन 1982 में संयुक्त राष्ट्रसंघ की जनरल असेंबली ने बेरूत (लेबनान) में स्थित साबरा और शातिला शरणार्थी शिविरों में नरसंहार के लिए इजराइल को ज़िम्मेदार ठहराया था। यह प्रस्ताव 123 बनाम शून्य वोटों से पारित हुआ था। अमेरिका ने मतदान में भाग नहीं लिया था। तीन दिन तक चले इस कत्लेआम के शिकार मुख्यतः बच्चे और महिलाएं थीं और इसे एरियल शेरॉन, जो आगे चलकर इजराइल के प्रधानमंत्री बने, की निगरानी में अंजाम दिया गया था। स्वयं इजराइल द्वारा नियुक्त एक स्वतंत्र आयोग ने कत्लेआम के लिए शेरॉन को दोषी ठहराया था। मगर किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई।

यद्यपि 26 जनवरी का आदेश प्राथमिक है और अंतिम फैसला आते–आतेकई साल गुजऱ जाएंगे मगर यह सही दिशा में पहला कदम है। यह शुभ है। आखिरकार, क्या यह कम है कि अंततः एक शीर्ष संस्था ने यह माना है कि इजराइल कुछ गलत कर रहा है। इस आदेश का राजनैतिक प्रभाव ज्यादा अहम है और उसमें ठीक–ठीक क्या लिखा है इससे विशेष अंतर नहीं पड़ता। अदालत ने स्वीकार किया है कि गाजा में बड़े पैमाने पर लोग कष्ट भोग रहे हैं और जोर दिया कि

**इजराइल को इस तरह के आदेशों से निपटना आता है। सन 1982 में संयुक्त राष्ट्रसंघ की जनरल असेंबली ने बेरूत (लेबनान) में स्थित साबरा और शातिला शरणार्थी शिविरों में नरसंहार के लिए इजराइल को ज़िम्मेदार ठहराया था। यह प्रस्ताव 123 बनाम शून्य वोटों से पारित हुआ था। अमेरिका ने मतदान में भाग नही लिया था। तीन दिन तक चले इस कत्लेआम के शिकार मुख्यतः बच्चे और महिलाएं थीं और इसे एरियल शेर-ॉन, जो आगे चलकर इजराइल के प्रधानमंत्री बने, की निगरानी में अंजाम दिया गया था। स्वयं इजराइल द्वारा नियुक्त एक स्वतंत्र आयोग ने कत्लेआम के लिए शेरॉन को दोषी ठहराया था। मगर किसी की जवाबदेही तय नही की गई। यद्यपि 26 जनवरी का आदेश प्राथमिक है और अंतिम फैसला आते–आतेकई साल गुजऱ जाएंगे मगर यह सही दिशा में पहला कदम है। यह शुभ है। आखिरकार, क्या यह कम है कि अंततः एक शीर्ष संस्था ने यह माना है कि इजराइल कुछ गलत कर रहा है। इस आदेश का राजनैतिक प्रभाव ज्यादा अहम है और उसमें ठीक–ठीक क्या लिखा है इससे विशेष अंतर नही पड़ता। अदालत ने स्वीकार किया है कि गाजा में बड़े पैमाने पर लोग कष्ट भोग रहे हैं और जोर दिया कि जो मानवीय संकट वहां है, उसे और गंभीर नहीं होने दिया जा सकता। इससे इजराइल–गाजा टकराव का राजनैतिक नैरेटिव बदलेगा।**

जो मानवीय संकट वहां है, उसे और गंभीर नहीं होने दिया जा सकता। इससे इजराइल–गाजा टकराव का राजनैतिक नैरेटिव बदलेगा। और राजनैतिक कार्यवाही के नए रास्ते खुल सकते हैं। फैसले के तुरंत बाद यूरोपीयन यूनियन ने कहा कि आईसीजे के निर्णय का "तुरंत, पूर्ण और प्रभावकारी कार्यान्वयन" होना चाहिए और यह भी कहा कि इस तरह के आदेश "दोनों पक्षों पर बंधनकारी होते हैं और उन्हें इनका पालन करना चाहिए।"

हालाँकि अमेरिका ने आदेश की निंदा की और कहा कि उसे "अब भी यह विश्वास है कि कत्लेआम के आरोप बेबुनियाद हैं" और यह भी कि न्यायालय ने यह नहीं कहा है कि वहां कत्लेआम हो रहा है और ना ही उसने युद्धबंदी की बात की है। यह अपेक्षित था क्योंकि अमेरिका काफी समय से इस कोशिश में लगा है कि वो इजराइल द्वारा किये जा रहे ज़ुल्मों को अनदेखा करे। इसके पीछे राजनैतिक और कूटनीतिक कारण हैं। मानवीय करुणा पर राष्ट्रीय हित हमेशा भारी पड़ते हैं।

इजराइल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन पर प्रश्न उठाना तो दूर रहा, अमेरिका, इंग्लैंड और अन्य पश्चिमी देशों ने यूएनआरडब्ल्यूए (संयुक्त राष्ट्र संघ की फिलिस्तीन के लिए राहत और निर्माण एजेंसी) की फंडिंग बंद कर दी। और वह भी मात्र इसलिए कि ऐसा बताया जाता है कि एजेंसी के 13,000 कर्मियों में से 12 ने इजराइल के हमास पर 7 अक्टूबर 2023 के हमले में भाग लिया था। इस आरोप की जांच एजेंसी कर रही है।

बेंजामिन नेतन्याहू की बर्बरता पर चुप्पी साध कर और आईएसजे के फैसले का सम्मान न कर, अमेरिका अपनी विश्वसनीयता और सम्मान खो रहा है। पूरी दुनिया में इजराइली गुस्से का शिकार बन रहे हैं। और अब अमेरिकी भी बनेंगे। इजराइल को लगातार बिना शर्त अपना पूरा समर्थन देकर जो बाइडन और उनकी सरकार दुनिया को यह कहने का मौका दे रही हैं कि वे भी इजराइल द्वारा किये जा रहे नरसंहार के लिए दोषी हैं।

बाइडन और ब्लिंकेन ने 2021 में सत्ता सम्हालते समय बड़े जोरशोर से वायदा किया था कि मानवाधिकारों को वे अमेरिकी विदेश नीति के केन्द्र में रखेंगे। बाइडन प्रशासन ने कहा था कि वो "ऐसी दुनिया के प्रति प्रतिबद्ध हैं जहाँ मानवाधिकारों की रक्षा होती है, मानवाधिकारों के रक्षकों का सम्मान होता है और जो मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं, उन्हें जवाब देना होता है"।

मगर अब यह साफ़ है कि उनका पाखंड वैश्विक स्तर का है। वे व्लादिमीर पुतिन को विलेन बताते हैं और यूक्रेन में मानवाधिकारों के लिए लड़ते हैं। मगर जब बात बीबी की आती हैं तो वे पलटी मार देते हैं। गाजा में उन्हें मानवाधिकारों का उल्लंघन नजऱ नहीं आता। बाइडन पर पहले से ही पुष्पवर्षा नहीं हो रही है। और अगर अब भी अमेरिका गाजा और उसके लोगों को बर्बाद करने से इजराइल को नहीं रोकता है तो आने वाले कई दशकों तक अमेरिकी विदेश नीति पर लगा यह धब्बा धुल न सकेगा।

# चुनाव की वजह

यह रहस्य है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के अंदर क्या हो रहा है। विपक्षी नेताओं की आखिरी बैठक 19 दिसंबर को हुई थी। उसके बाद साइडलाइंस का कुछ बैठकें हुई हैं। इंडिया की आखिरी बैठक में तय किया गया था कि तीन हफ्ते में सीट बंटवारा फाइनल कर लिया जाएगा। ध्यान रहे तीन हफ्ते की यह डेडलाइन भी कई बार की विफलता के बाद तय हुई थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक के समय यानी जुलाई से ही दबाव डाल रहे थे कि जल्दी सीट बंटवारा किया जाए। ममता ने तो 31 अक्टूबर की डेडलाइन दी थी। लेकिन तीन राज्यों के चुनाव की वजह से तीन महीने से ज्यादा समय तक इंडिया की कोई बैठक ही नहीं हुई।जब कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में हारी तो आनन–फानन में मीटिंग की एक तारीख तय की, जिसे विपक्षी नेताओं ने खारिज कर दिया। उसके बाद 19 दिसंबर को बैठक हुई, जिसमें तीन हफ्ते की समय सीमा तय की गई। अब उस बैठक के तीन क्या पांच हफ्ते बीत चुके हैं और कहीं भी सीट बंटवारे की बात तय नहीं हुई है। कुछ राज्यों को लेकर शुरुआती बातचीत जरूर हुई है लेकिन फैसला कहीं हो पाया है। उलटे कई राज्यों में बातचीत में बाधा आ गई है,

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक के समय यानी जुलाई से ही दबाव डाल रहे थे कि जल्दी सीट बंटवारा किया जाए। ममता ने तो 31 अक्टूबर की डेडलाइन दी थी।**

जिसके बाद वार्ता बंद हो गई है। आम आदमी पार्टी के साथ कई दौर की बातचीत हुई लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि पंजाब को लेकर कोई तालमेल नहीं होगा इसी तरह ममता बनर्जी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल छोड़ कर वे बाकी जगह तालमेल के लिए तैयार हैं तो सीपीएम ने कहा है कि केरल छोड़ कर बाकी जगह उसे तालमेल करना है। हालांकि इनमें से किसी के साथ अंतिम समझौता नहीं हुआ है।इसी तरह 19 दिसंबर के बाद हुई एक वर्चुअल बैठक में एक और बहुत अहम फैसला हुआ था। सूत्रों के हवाले से ही खबर आई थी लेकिन खबर पक्की थी कि सभी नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को ह्यइंडियाह्न का अध्यक्ष बनाने की सहमति दे दी है। उस दिन नीतीश कुमार को लेकर कुछ विवाद भी हुआ और बाद में खुद नीतीश ने संयोजक बनने से मना कर दिया। लेकिन अध्यक्ष का नाम तय कर दिया था। फिर दो हफ्ता बीत जाने के बाद भी अभी तक आधिकारिक रूप से गठबंधन के अध्यक्ष के तौर पर खडग़े के नाम की घोषणा नहीं हुई है। सोचें, जब विपक्षी पार्टियों के नेता अपने गठबंधन का अध्यक्ष नहीं तय कर पा रहे हैं तो उससे नेतृत्व को लेकर आम लोगों में क्या मैसेज जा रहा होगा!ऐसे ही विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने हर महीने एक बैठक करने का फैसला किया था। लेकिन साढ़े तीन महीने बाद हुई 19 दिसंबर की बैठक के बाद फिर एक महीने से ज्यादा हो गए लेकिन बैठक नहीं हुई है। मुंबई की बैठक में एक सितंबर को तय हुआ था कि विपक्ष की साझा रैली होगी। पिछले दिनों की बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खडग़े के हवाले खबर आई थी कि आठ साझा रैलियां होंगी। लेकिन अभी तक एक भी रैली की घोषणा नहीं हुई है। मुंबई की बैठक के बाद भोपाल में साझा रैली प्रस्तावित थी, जिसे चुनाव की वजह से कमलनाथ ने रद्द कर दिया था। उसके बाद से विपक्ष के सभी नेताओं के एक मंच पर आने का इंतजार हो रहा है।

# राहुल गांधी के 'बॉडी डबल' की पहचान जल्द करेंगे उजागर'



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असम दौरे के बाद वह भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राज्य में घूमते रहे राहुल गांधी के 'बॉडी डबल' की पहचान बताएंगे।

**हिमंत बिस्वा सरमा ने क्या कुछ कहा?**

गुवाहाटी के जनता भवन में हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को बताया कि पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी के इस्तेमाल किए 'बॉडी डबल' की उन्होंने पहचान कर ली है। इसलिए, प्रधानमंत्री मोदी के असम से जाने के बाद वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बॉडी डबल की और जानकारी देंगे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार पहले ही बता चुकी है कि असम में यात्रा के दौरान अपने वाहन से भीड़ को हाथ हिलाने वाला राहुल गांधी की मिलती-जुलती शक्ल का व्यक्ति था।

**'गुवाहाटी से चला गया था बॉडी डबल'**

उन्होंने कहा कि हमने अधिकांश रास्ते में राहुल गांधी भीड़ के सामने नहीं आ रहे थे, बल्कि उनका बॉडी डबल भीड़भाड़ का सामना कर रहा था, लेकिन यात्रा के दौरान विवादित घटना के बाद बॉडी डबल चुपचाप गुवाहाटी से चला गया था। फिर वह यात्रा के अगले चरण में उनके साथ गुवाहाटी से बंगाल नहीं गया। उन्होंने कहा कि दो केस गुवाहाटी और जोरहाट में दो मामले दर्ज हुए हैं। उल्लेखनीय है कि तीन फरवरी की शाम को पीएम मोदी असम आएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' असम से 18 जनवरी से 25 जनवरी तक गुजरी थी। इस दौरान सीएम सरमा से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कई बार झड़प हुई थी।

# हेमंत सोरेन ने जेल में गुजारी रात

रांची , कोई झारखंडी कभी जेल जाने से डरता है क्या ? हेमंत सोरेन ने यह बात पिछले दो वर्षों में कई बार कही थी। अब वह जेल की चारदीवारी के अंदर हैं। राज्य में सत्ता और सरकार को लेकर चल रहे तमाम उथल-पुथल के बावजूद वह खुद को सामान्य बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।एक फरवरी को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद शाम करीब पांच बजे वो रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल ले जाए गए। जेल के अफसरों ने उन्हें खुद अपर डिवीजन ब्लॉक बी के सेल नंबर एक पहुंचाया। उन्होंने जेल के अफसरों से कहा कि उन्हें किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे जेल के बाकी बंदियों की तरह सामान्य रूप से रहेंगे।

जेल सूत्रों ने बताया कि सेल में पहुंचने के बाद शाम को उन्हें पहले स्नैक्स ऑफर किया गया, लेकिन उन्होंने अनिच्छा जताई। इसके बाद रात साढ़े आठ बजे उन्होंने रोटी, दूध और गोभी की सब्जी खाई। फिर वह थोड़ी देर तक टहलते रहे।

जिस सेल में उन्हें रखा गया है, उसमें अटैच्ड बाथरूम और किचन भी है। हेमंत सोरेन रात करीब साढ़े बारह बजे बिस्तर पर गए। इसके पहले उनकी नजर राज्य में सरकार गठन को लेकर चल रहे घटनाक्रमों पर बनी हुई थी। उन्हें रात में सूचना मिल गई थी कि राज्यपाल ने सरकार बनाने के चंपई सोरेन को दावे को स्वीकार कर लिया है। शुक्रवार की सुबह भी सोरेन करीब साढ़े पांच बजे जग गए थे। स्नान और पूजा के बाद वे तैयार हो गए। दोपहर करीब 12 बजे उन्हें पेशी के लिए पीएमएलए कोर्ट ले जाया गया।

कोर्ट ने ईडी के दरख्वास्त पर उन्हें पांच दिनों के लिए रिमांड पर भेज दिया। सबसे खास बात यह कि हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी के बाद बॉडी लैंग्वेज से खुद को मजबूत प्रदर्शित करने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी की हिरासत में जाते हुए, जेल जाते हुए या फिर कोर्ट में पेशी के वक्त उन्होंने न सिर्फ हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया, बल्कि लगातार मुस्कुराते रहे।

## शर्मनाक .. स्कूल में टायलेट साफ करती दिखी छात्रा

बेंगलुरु ,कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की चेतावनी के बावजूद कोलार जिले के बायनहल्ली गांव के सरकारी जूनियर प्राइमरी स्कूल में स्कूली बच्चों से स्कूल के शौचालय को साफ कराने का मामला सामने आया है। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल वीडियो में एक लड़की को स्कूल का शौचालय साफ करते हुए देखा गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। 30 जनवरी को एक सरकारी स्कूल में दो छात्रों को शौचालय साफ करते हुए कैमरे पर रिकॉर्ड किया गया।यह घटना एक पैटर्न को फॉलो करती है जो राज्य के विभिन्न स्कूलों से सामने आए हैं। यह पिछले दो महीनों में इस तरह का तीसरा मामला है। इससे पहले इस तरह का मामला कोलार में येलवल्ली मोरारजी देसाई आवासीय विद्यालय से सामने आया था। इस घटनाक्रम ने सार्वजनिक आक्रोश पैदा कर दिया था। इस मामले में शिक्षा विभाग ने प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया था। एक अन्य मामले में बेंगलुरु के सरकारी मॉडल प्राइमरी स्कूल की प्रधानाध्यापिका को गिरफ्तार किया गया था। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने छात्रों को स्कूल में शौचालय साफ करने के काम में लगाने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

## ज्ञानवापी व्यास तहखाना केस में मुस्लिम पक्ष को झटका, जारी रहेगी पूजा

वाराणसी ,ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका तो दायर कर दी लेकिन उसे कोर्ट से राहत नहीं मिली है। व्यास तहखाने में पूजा होती रहेगी और मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी को होगी, तब तक के लिए पूजा पर रोक नहीं है। कोर्ट ने मस्जिद समिति से 6 फरवरी तक अपनी अपील में संशोधन करने को कहा। इलाहाबाद हाईकोर्ट के एडवोकेट जनरल को आदेश कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि यहां 30 साल से पूजा पर रोक थी। आधी रात को ही भक्त पूजा करने के लिए पहुंच गए। इधर मुस्लिम पक्ष रात 3 बजे सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद की कानूनी टीम के जरिए रात 3 बजे सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया।

## राजद ने अंतरिम बजट को 'खाली लिफाफा' बताया

पटना , राजद ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को खाली लिफाफा और कुछ नहीं करार दिया। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा, हम उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा बिहार में सत्ता में आई है तो उसकी केंद्र सरकार राज्य को कुछ पैकेज दे सकती है।

# सरकारों को रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए, मुफ्तखोरी पर नहीं : रघुराम राजन

जयपुर , भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारों को युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, न कि केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए मुफ्त सुविधाओं पर। उन्होंने कहा कि सुचारू विकास पथ सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर जोर देना सर्वोपरि है।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए, राजन ने कहा कि सरकार को विकेंद्रीकरण के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि इसका लाभ दिल्ली, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और



अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हाल के मामले अलोकतांत्रिक हैं, क्योंकि नेताओं (विपक्ष से) को चुनते समय नागरिकों के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं।

अर्थशास्त्री रोहित लांबा के साथ 'ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ्यूचर' (पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया) लिखने वाले राजन ने कहा, लोकतंत्र और मुक्त भाषण उन क्षेत्रों के विकास के लिए सर्वोपरि हैं जिन्हें अनुसंधान, रचनात्मकता और नए विचारों की आवश्यकता है। इस बात पर जोर देते हुए कि पुस्तक को हर कोई आसानी से समझ सकता है, अर्थशास्त्री ने कहा, हमें चीन की तरह अन्य देशों की विकास कहानी का अनुसरण नहीं करना है, बल्कि अपना रास्ता बनाना है, अपनी ताकत को पहचानना और उन पर निर्माण करना महत्वपूर्ण है।

क्रिप्टोकरेंसी के बारे में राजन ने कहा कि यह एक तकनीक है, हालांकि कुछ पैसा लगाना ठीक हो सकता है, जिससे अगर नुकसान हो, तो सहा जा सके, लेकिन अपनी जीवन भर की बचत को दांव पर लगाना एक बुरा विचार है।

## दिल्ली में घर में आग लगने से दो घायल

नई दिल्ली ,दक्षिण पश्चिम दिल्ली में एक घर में आग लगने से दो लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

घायलों की पहचान मनोज (40) और राहुल (32) के रूप में हुई है, उनके हाथ और चेहरे पर चोटें आई हैं। अधिकारी ने कहा कि सागरपुर के मोहन ब्लॉक में एक घर में आग लगने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष से कॉल सागरपुर पुलिस स्टेशन में प्राप्त हुई, इसके बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, फायर ब्रिगेड भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। घर की पहली मंजिल में आग लगी थी। अधिकारी ने कहा, आग बुझाने और उस पर काबू पाने के प्रयास में, दो लोग, मनोज और राहुल, हाथ और चेहरे पर झुलस गए। बाद में आग बुझा दी गई। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

# उत्तर पश्चिम भारत में अगले 24 घंटों तक जारी रहेगा बारिश का दौर, पंजाब में चलेंगी तेज हवाएं

नई दिल्ली ,भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। उसके बाद शनिवार और 5 फरवरी को यह क्षेत्र बारिश से प्रभावित हो सकता है।आईएमडी के अनुसार, मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में एक ट्रफ के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ लगभग 72 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में उत्तर पश्चिम राजस्थान और निचले क्षोभमंडल स्तर में एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण के साथ चल रहा है। आईएमडी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा, शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। 5 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद,



हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की/मध्यम से लेकर व्यापक वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी भारी बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली में हल्की/मध्यम छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा हो सकती है और गुरुवार को उत्तर प्रदेश तथा पूर्वी राजस्थान में छिटपुट से लेकर हल्की वर्षा होने की संभावना है।आईएमडी ने कहा, शनिवार और रविवार को उपरोक्त क्षेत्रों में हल्की/मध्यम छिटपुट बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और शनिवार को पश्चिमी राजस्थान तथा रविवार को पूर्वी राजस्थान में छिटपुट ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, शनिवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरने की भी चेतावनी है।

# डीके सुरेश को सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है? : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली ,भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के अलग देश की मांग वाले बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य विपक्षी नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाया है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने जिस प्रकार से भारत तोड़ने वाला बयान दिया है, ऐसे व्यक्ति को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके एक सांसद जो कि एक उपमुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के छोटे भाई हैं, वो भारत तोड़ने की बात कर रहे हैं और इस पर राहुल गांधी ने अभी तक कोई सफाई नहीं दी है। इस मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विपक्ष के सभी नेता चुप हैं। प्रसाद ने आगे कहा कि आप जब सांसद बनते हैं तो भारत की संप्रभुता और एकता को बनाए रखने के लिए शपथ लेते हैं, लेकिन, जब भारत की एकता और अखंडता का यदि अतिक्रमण करेंगे तो भारत के संविधान के मुताबिक इस पर रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन्स लग सकते हैं। डीके सुरेश ने जो भी बोला है, वो भारत के संविधान के हर प्रावधान का उल्लंघन है, उनको एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है। मनमोहन सरकार की तुलना में वर्तमान मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में ही कर्नाटक को टैक्स में से दोगुने से भी ज्यादा फंड दिए जाने की बात कहते हुए प्रसाद ने कांग्रेस पर तीखा हमला जारी रखते हुए पूछा कि क्या राजनीतिक फायदे के लिए कांग्रेस इस स्तर पर चली जाएगी ?

## कर्नाटक : टीपू सुल्तान की मूर्ति पर चप्पलों की माला चढ़ाने वाला युवक गिरफ्तार

रायचूर ,कर्नाटक पुलिस ने रायचूर जिले में टीपू सुल्तान की मूर्ति को चप्पलों की माला पहनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान 23 वर्षीय आकाश तलवार के रूप में हुई है, जो मानवी तालुक के सिरिवारा शहर का निवासी है। पुलिस बताती है कि घटना के बाद दो विशेष टीमों का गठन किया था।

पुलिस ने क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज भी एकत्र किए हैं और तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपी उनमें से एक था और पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

# पृथ्वी शॉ हुए फेल तो शिवम दुबे का हिट शो, ज्योत्सनिल और शाश्वत ने दिल्ली को विकेट के लिए तरसाया




नई दिल्ली। बड़ौदा के सलामी बल्लेबाज ज्योत्सनिल सिंह (नाबाद 124) और शाश्वत रावत (नाबाद 71) ने शतक जमाए। दोनों दूसरे विकेट के लिए 199 रनों की साझेदारी की। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप–डी मैच के पहले दिन दिल्ली के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक बड़ौदा ने पहली पारी में एक विकेट पर 202 रन बनाए हैं।

**आर्यन–करन ने उत्तर प्रदेश को दिलाई शानदार शुरुआत**

घरेलू मैदान पर उत्तर प्रदेश ने असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप–बी मुकाबले के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल (नाबाद 162) और करन शर्मा (नाबाद 108) की शतकीय पारी के बदौलत दिन का खेल खत्म होने तक उत्तर प्रदेश की टीम ने पहली पारी में दो विकेट पर 319 रन बना लिए।

# आरपी सिंह मेमोरियल सीनियर्स वुमन लीग कम नॉकआउट आधार एनएसएस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 12 फरवरी से



चंडीगढ़ ,प्रथम स्वर्गीय आर. पी. सिंह मेमोरियल सीनियर्स वुमन लीग कम नॉकआउट आधार एनएसएस ट्रॉफी के लिए क्रिक्रेट टूर्नामेंट 12 फरवरी से आईवीसीए क्रिक्रेट ग्राउंड, डेराबस्सी में शुरू होगा।

आयोजन सचिव इंद्रजीत सिंह के अनुसार एनएसएस ट्रॉफी के लिए इस प्रतिष्ठित प्रथम स्वर्गीय आरपी सिंह मेमोरियल सीनियर्स महिला क्रिक्रेट टूर्नामेंट में ट्राई सिटी, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल की कुल 6 या 8 टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम 40 ओवरों के साथ सुपर सब पैटर्न (12 खिलाड़ियों की अनुमति) के साथ न्यूनतम 4 मैच खेलेगी। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 45 ओवर का होगा।

सचिव इंद्रजीत सिंह के अनुसार भाग लेने वाली 6 या 8 टीमों को 2 पूल में विभाजित किया गया है और प्रत्येक टीम 40 ओवर के न्यूनतम चार लीग मैच खेलेगी। प्रत्येक पूल की शीर्ष 2 टीमें सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और दोनों सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल 45 ओवर के होंगे जबकि लीग मैच 40 ओवर के होंगे।

आयोजक अच्छी गुणवत्ता वाली सफेद मैच बॉल, अच्छा जलपान/लंच बॉक्स और मिनरल वाटर उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक एमओएम पुरस्कार और टूर्नामेंट के 6 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को ट्रॉफी और आकर्षक उपहार, क्रिक्र हीरो पर ऑनलाइन स्कोरिंग, बीसीसीआई/राज्य पैनल अंपायर और अच्छे मीडिया कवरेज से सम्मानित किया जाएगा। सभी मैच बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक खेले जाएंगे।

# नेपाल के खिलाफ गरजा सचिन का बल्ला, उदय ने भी जड़ा शतक

## चौथे विकेट के लिए की 215 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी



नई दिल्ली। अंडर–19 वर्ल्ड कप 2024 में डिफेंडिंग चैंपियन भारत के खिलाड़ियों का जलवा बरकरार है। सुपर सिक्स के अपने दूसरे में भारत के दो खिलाड़ियों ने नेपाल के खिलाफ दमदार शतक जड़े। मध्यक्रम के सचिन दास और कप्तान उदय सहारन ने शतकीय पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों की शतकीय पारी के दम पर भारत ने नेपाल अंडर–19 टीम के खिलाफ 50 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 297 रन बनाए। कमजोर मानी जा रही नेपाल को 298 रन का टारगेट दिया। नेपाल की तरफ से गुलशन झा ने सबसे ज्यादा 3 भारतीय बल्लेबाजों को आउट किया।

दास और उदय ने लगाए शतक

भारतीय अंडर–19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया के शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने 62 के स्कोर पर ही अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह 21 रन, अर्शिन सिंह 19 रन और प्रियासूं मौल्या ने 19 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। संकट से घिरी भारतीय टीम को कप्तान और सचिन दास का सहारा मिला।

**चौथे विकेट के लिए हुई 215 रन की साझेदारी**

उदय सहारन और सचिन दास के बीच चौथे विकेट के लिए 215 रन की शानदार साझेदारी हुई। सचिन दास ने 3 छक्के और 11 चौकों की मदद से 101 गेंद पर 116 रन ठोक डाले। वहीं, भारतीय कप्तान उदय सहारन ने भी शतकीय पारी खेली और 107 गेंद पर 9 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। इस वर्ल्ड कप में अब तक भारत के लिए दो शतक लगाने वाले मुशीर खान इस मैच में 7 गेंद पर 9 रन बनाकर नाबाद रहे।

# बार्टलेट के 'चौके' के बाद ग्रीन और स्मिथ का दमदार अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से दी मात



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की। युवा तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने अपने डेब्यू मैच में 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम योगदान दिया। जेवियर के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को विकेच के लिए तरसा दिया। शुक्रवार, 2 फरवरी को मेलबर्न क्रिक्रेट ग्राउंड में तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला गया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.4 ओवर में 231 रन का स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज के 15.2 ओवर में 59 रन पर 4 विकेट गंवाने के बाद कीसी कार्टी और रोस्टन चेज ने क्रमशः 88 और 59 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी हुई।

**जेवियर बार्टलेट ने लिए चार विकेट**

उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सका। बार्टलेट ने वेस्टइंडीज के टॉप ऑर्डर पर कहर बरपाया। बार्टलेट ने एलिक अथानाज, जस्टिन ग्रीव्स और शाई होप के बेशकीमती विकेट जल्दी–जल्दी निकाले। इसके बाद गुडाकेश को आउट किया। जेवियर ने 9 ओवर में 1 मेडन और 17 रन देकर 4 विकेट चटकाए। सीन एबॉट और कैमरून ग्रीन ने दो–दो विकेट लिए। दूसरे डेब्यूटेंट लांस मॉरिस को एक विकेट मिला।

**तीन बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक**

232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। 4 रन के स्कोर पर ट्रेविस हेड का विकेट गिर गया। हेड मात्र 4 रन ही बना सके। इसके बाद जोश इंग्लिश (65) और कैमरून ग्रीन (नाबाद 77) के बीच दूसरे विकेट लिए 79 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ( नाबाद 79) ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। वेस्टइंडीज के लिए गुडाकेश मोती और मैथ्यू फोर्डे को एक–एक विकेट मिला।

# जायसवाल के दमदार शतक पर सचिन तेंदुलकर ने दिया आशीर्वाद तो इरफान पठान ने लिखी भावुक करने वाली बात



नई दिल्ली। भारतीय टीम के उभरते हुए सितारे यशस्वी जायसवाल ने शुक्रवार, 02 फरवरी को विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन नाबाद 179 रन की पारी खेली। उन्होंने अपने संयम और क्लास का प्रदर्शन किया। पहले टेस्ट मैच से सीख लेते हुए यशस्वी जायसवाल ने दमदार शतक जमाया। अब सोशल मीडिया में उन्हीं के ही चर्चे हो रहे हैं।

भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन तक भारत ने स्टंप्स तक 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल नाबाद 179 रन बनाकर लौटे। जायसवाल के अलावा और कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिक सका। भारत के लिए डेब्यू करने रजत पाटीदार ने 32 रन की पारी खेली। 34 रन शुभमन गिल ने बनाए।

**सचिन तेंदुलकर ने दिया आशीर्वाद**

यशस्वी जायसवाल की पारी की अब हर तरफ तारीफ हो रही है। क्रिक्रेट जगत के दिग्गज क्रिक्रेटरों ने यशस्वी जायसवाल को इस पारी के लिए बधाई दी है। सचिन तेंदुलकर से लेकर इरफान पठान तक ने जायसवाल को बधाई दी है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com